# विनम्रता और अनुशासन से दिल में स्थान बनाएं पदाधिकारी

## जिला कार्यकारिणी एवं कोर ग्रुप की बैठक में शामिल हुए प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 मार्च. प्रदेश के नगरीय विकास, आवास एवं जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को सुचिता और अनुशासन की सीख देते हुए कहा कि विनम्रता और अनुशासन से ही हर व्यक्ति के दिलों में स्थान बनाया जा सकता है।**




भरहुत नगर स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे की अध्यक्षता एवं जिला संगठन प्रभारी जीएस ठाकुर, प्रदेश सरकार की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य नरेंद्र त्रिपाठी, विनोद यादव की विशेष मौजूदगी में पार्टी की नवीन जिला कार्यकारिणी की परिचयात्मक बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार में होने के कारण आप सब लोगों पर कई जिम्मेदारियां हैं। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना और पार्टी की नीतियों व सिद्धान्तों का पालन करते हुए बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का काम आप सबकी पहली जिम्मेदारी है। श्री विजयवर्गीय ने सभी पदाधिकारियों को नए दायित्व की बधाई देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी के साथ पालन करते हुए पार्टी संगठन की मजबूती में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें।

भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में सभी पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि की शीर्ष नेतृत्व ने आप लोगों पर जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरना आप सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नवीन जिला कार्यकारिणी में सभी वर्गों और जमीनी लोगों को जिम्मेदारी दी गई है और आगे भी उन सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन के काम मे जो?ा जाएगा जो पार्टी के लिए समर्पित भाव से काम कर रहे हैं। इससे पहले प्रभारी मंत्री के सतना आगमन पर रेलवे स्टेशन, सर्किट हाउस, पार्टी कार्यालय एवं नागौद मे जिला संगठन द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

### कोर ग्रुप की बैठक में जिन मुद्दों पर हुई चर्चा

पार्टी कार्यालय में प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की विशेष उपस्थित में भाजपा कोर ग्रुप की बैठक मे जिले के कई महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर चर्चा की गई। जिला संगठन प्रभारी जीएस ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे, मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य नरेंद्र त्रिपाठी एवं विनोद यादव की मौजूदगी में आयोजित हुई बैठक में संगठनात्मक और प्रशासनिक बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

### इनकी रही मौजूदगी

जिला उपाध्यक्ष ममता पाण्डेय, बालेन्द्र गौतम, मुरारी लाल सोनी, श्रीकृष्ण द्विवेदी, रामपाल यादव, गीतेश्वर सिंह, प्रबल श्रीवास्तव, जिला महामंत्री जयप्रताप गुप्ता, मधु बाल्मीक, जिला मंत्री राजेश शुक्ला, दीपनारायण सिह, अतुल शुक्ला, चन्द्रभान कुशवाहा, वसुन्धरा सिंह, राकेश सिंह डोला, जिला कोषाध्यक्ष विपिन चतुर्वेदी, सह कोषाध्यक्ष शुदर्शन कोल, सीमा लोधी, जिला कार्यालय मंत्री सुनील सेनानी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रामबाबू त्रिपाठी, सह सोशल मीडिया प्रभारी प्रीती रैकवार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा सिंह यादव, किसान मोर्चा के अध्यक्ष कृष्णकुमार पाण्डेय, अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अशोक कोल, मण्डल अध्यक्ष संजय अग्रवाल, अरविन्द मिश्रा, दीपेन्द्रनाथ त्रिपाठी, अग्निवेश शुक्ला मौजूद रहे।

# पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सतना 11 मार्च. मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने प्रदेश में वाणिज्यिक श्रेणी (कमर्शियल) के एलपीजी गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं।**

निर्देषों के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर डॉ. सतीष कुमार एस ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के खाद्य विभाग के अधिकारियों, आयल कम्पनी के अधिकारी और एलपीजी वितरकों एवं होटल व्यवसायियों की संयुक्त बैठक लेकर वाणिज्यिक और घरेलु सिलेण्डर के स्टाक की उपलब्ध की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जिले में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलु गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और फिलहाल कोई समस्या नहीं है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, खाद्य अधिकारी सम्यक जैन सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं कि एलपीजी की आपूर्ति और वितरण में प्राथमिकता घरेलू उपभोक्ताओं को दी जाए। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वर्तमान में प्रदेष में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलु गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टाक एवं आपूर्ति बनी हुई है।

### 25 दिन बाद बुक होगी रिफीलिंग

इसके तहत पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नई रीफिल बुकिंग स्वीकार की जा रही है। इस व्यवस्था का उद्देश्य कालाबाजारी और अनियमितता पर रोक लगाते हुए उपभोक्ताओं को समान रूप से गैस उपलब्ध कराना है। वर्तमान परिस्थितियों में अस्पताल और शैक्षणिक संस्थानों के अलावा अन्य वाणिज्यिक उपभोक्ताओं जैसे होटल, ढाबा, बल्क एलपीजी उपयोग करने वाले औद्योगिक क्षेत्र एवं फैक्ट्रियों को कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति फिलहाल नहीं की जाएगी।

# नशीली कफ सीरप के साथ आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना. 11 मार्च. कोलगवां पुलिस ने 34 नग नशीली कफ सीरप के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है.**



मिली जानकारी के अनुसार कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी को मुखबिर से सूचना मिली की हवाई अड्डा रोड मैत्री पार्क के गेट के सामने संग्राम कालोनी के कच्चे रास्ते में गजेन्द्र सिंह पटेल निवासी उतैली का एक सफेद रंग की प्लाटिक की बोरी के अंदर अवैध रूप से बिक्री के लिए मादक पदार्थ कोरेक्स रखा है. पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करतेहुए हवाई अड्डा गेट के पास घेराबंदी की गई.

जहां आरोपी गजेन्द्र सिंह पटेल पिता भूषण सिंह पटेल डिडौली थाना चुरहट जिला सीधी के पास से 23 नग कफ सिरप बरामद किया गया. पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत किया.

# प्राणघातक हमले के आरोपी गिरफ्तार

## सिटी कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 मार्च. सिटी कोतवाली पुलिस ने मुख्त्यारगंज निवासी अमित सिंह के ऊपर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया.**



मिली जानकारी के अनुसार फरियादी उमा प्रताप सिंह पिता तेज प्रताप सिंह निवासी पीली बिल्डिग टीपी हाउस मुख्त्यारगंज की रिपोर्ट पर आरोपी गौरव मिश्रा, विपिन गुप्ता, सलिन सिंह, रिषभ द्विवेदी व उनके साथियों ने गालीगलौज कर धारदार हथियार से चोंट पहुंचाई. सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट के आधार पर बीएनएस की धारा 331(6) 109(1) 296 (ए) 351 (2) और 3 5 के तहत प्रकरण कायम कर आरोपियों की तलाश शुरू की जिसमें आरोपी अटरा निवासी रिषभ द्विवेदी, विपिन गुप्ता, को गिरफ्तार कर अन्य आरोपियों पूछताछ की जा रही है. फरार आरोपीगणों में गौरव मिश्रा उर्फ कान्हा उम्र 20 वर्ष निवासी चौरा चनपुरवा को गिरफ्तार कर जेल में भेजा गया है. इस कार्रवाई में उप निरीक्षक सुमत मरावी आरक्षक लखनलाल शर्मा व कष्टरंजन सिंह की सराहनीय भूमिका रही.

# प्रभारी मंत्री ने नव दंपति को दिया आशीर्वाद

**सतना 11 मार्च.** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बुधवार को सतना जिले के प्रवास के दौरान नगर निगम के पूर्व स्पीकर अनिल जायसवाल के पुत्र के शुभ-विवाह समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री विजयवर्गीय ने वर-वधु को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद, समृद्ध और मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि वैवाहिक जीवन विश्वास, प्रेम और पारिवारिक मूल्यों की मजबूत नींव पर टिका होता है और नवदंपति इन मूल्यों के साथ अपने जीवन की नई शुरुआत करें।

# तीन फ्लाईओवर के प्रस्ताव के साथ सांसद ने की गड़करी से भेंट

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 मार्च. शहर की लाइफ लाइन और शहर के बीचोंबीच गुजरने वाले ओल्ड हाईवे पर ब?ते ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित करने के लिए बुधवार को सतना सांसद गणेश सिंह ने केंद्रीय स?क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन ग?करी से नई दिल्ली में मुलाकात कर शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए तीन फ्लाईओवर निर्माण का प्रस्ताव रखा।**



सांसद गणेश सिंह ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि सतना में लंबे समय से शहर के भीतर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए एलिवेटेड रोड बनाने की मांग की जा रही थी, लेकिन तकनीकी और व्यावहारिक निर्णय न हो पाने के कारण अब तीन अलग-अलग स्थानों पर फ्लाईओवर निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे और पीडब्ल्यूडी विभाग ने तीनों प्रस्तावित स्थानों का मौका मुआयना कर अनुमानित प्राक्कलन भी तैयार कर लिया है।

# एकेएस ने युवा उत्सव में विंध्य संस्कृति से ओतप्रोत प्रदर्शन किया

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 मार्च. सत्यभामा डीम्ड यूनिवर्सिटी, चेन्नई में आयोजित 39वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2025-26 का शुभारंभ 10 मार्च को मैनेजर मीटिंग के उपरांत अत्यंत गरिमामय और भव्य वातावरण में हुआ।**




पांच दिवसीय इस राष्ट्रीय युवा उत्सव में देशभर की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से आए प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं अपनी सांस्कृतिक, कलात्मक और रचनात्मक प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहे हैं। उत्सव के प्रथम दिन आयोजित भव्य कल्चरल प्रोसेशन में देश की 126 विश्वविद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों की संख्या के आधार पर विश्वविद्यालयों को दो पूल—'ए' और 'बी'—में विभाजित किया गया, जिसमें 43 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ ए.के.एस. विश्वविद्यालय को पूल 'ए' में स्थान प्राप्त हुआ। यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व और प्रतिष्ठा का विषय रहा।

# मेडिकल कॉलेज में विश्व श्रवण दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 मार्च. शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सतना में विश्व श्रवण दिवस 2026 के अवसर पर एक व्यापक जनजागरूकता काययक्रम का आयोजन किया गया।**



इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में कान एवं श्रवण स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना श्रवण हानि की शीघ्र पहचान तथा बधिरता की रोकथाम की जानकारी देना था.

यह कार्यक्रम डीन, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सतना डॉ. एस. पी. गर्ग की उपस्थिति में आयोजित किया गया. इएनटी विभाग के वरिष्ठ संकाय सदस्यों तथा जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने उपस्थिति दर्ज कराई. कार्यक्रम की शुरुआत में डा. विकास सिकरवार ने बताया कि समय पर यदि मरीज को उपचार मिल जाए तो उसकी श्रवण शक्ति क्षीण नहीं हो सकती है. इस मौके पर मेडिकल छात्रों के लिए एक क्वीज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है जिसका संचालन डा. क्रांतिकेश गुप्ता, डा. श्रुती साडिल्य, डा. मोहित समाधिया, डा. निमिस जिंदल, डा. रोहित सोलंकी, एवं निशांत ने किया है.

### एक नजर में




### आंगनबाड़ी के बच्चों को मिठाई और कपड़े वितरित

**सतना।** आज अंकुरण तारु पर्यावरण संरक्षक संस्थान ने अंकुरण सीमा अग्रवाल के नेतृत्व में अंकुरण प्रतिमा अग्रवाल के मार्गदर्शन पर संग्राम कॉलोनी स्थित आंगनबाड़ी में बच्चों के बीच मिठाइयां, फल, चॉकलेट्स और अन्य खाद्य सामग्री का वितरण कर कपड़ों का वितरण भी किया। कार्यक्रम का उद्देश संस्था का यह था कि हम अपनी छोटी सी कोशिश से मासूम चेहरों पर एक हल्की सी मुस्कान ला सके इसमें हमारी अंकुरण सदस्यों ने पूर्ण सहयोग देते हुए खाद्य सामग्री और कपड़ों का सहयोग संस्था का उद्देश्य पूरा किया।

### लवडेल स्कूल की पूर्व छात्रा ने फहराया परचम

**सतना.** कड़ी मेहनत निष्ठा और लगन के साथ अध्ययन कर लेकर आई शानदार परिणाम! लवडेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सतना की पूर्व छात्रा कृतिका सिंह पिता श्री पुष्पराज सिंह ने ष्ट.. परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार बल्कि अपने विद्यालय का नाम भी गौरवान्वित किया। विद्यालय के चेयरमैन मृगेंद्र सिंह, डायरेक्टर विनय सिंह एवं विद्यालय परिवार ने इस सफलता में में उनका सम्मान कर बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य हेतु ुभकामनाएँ दिया।





### होली मिलन एवं महिला दिवस आयोजित

**सतना।** श्री दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सतना मेन द्वारा 8 मार्च को सृजन रिटायरमेंट होम्स सतना में होली मिलन एवं महिला दिवस का शानदार आयोजन हुआ। सर्वप्रथम अध्यक्ष डॉक्टर अजीत जैन एवं सचिव गौरव सेठ द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात सभी सदस्यों द्वारा नवगठित कार्यकारिणी सदस्यों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया, इसी क्रम में श्रीमती डॉ अनुराधा जैन द्वारा महिला दिवस के अवसर पर शानदार कविता सुनाते हुए अपना उद्बोधन दिया, इसके बाद उपस्थित सभी मातृशक्ति को उनके जीवनसाथी द्वारा माला पहनाकर गीत सुनाकर उन्हें गिफ्ट भेंट किए गए और सभी दंपति सदस्यों द्वारा गानों की धुन पर खूब झूमे। इसके बाद सभी सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं फूलों की होली खेली, सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। अंत में सभी उपस्थित सदस्यों का आभार एवं धन्यवाद ग्रुप के सचिव गौरव सेठ द्वारा किया गया।




# प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को सीमेंट निर्माण श्रेणी में फ्लाई ऐश का उत्कृष्ट उपयोग के लिए सम्मान


नवभारत न्यूज

**सतना, 11 मार्च. प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को सीमेंट निर्माण श्रेणी में फ्लाई ऐश के उत्कृष्ट उपयोग (2026) के लिए मिशन एनर्जी फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। गोवा के व्हाइट वार्फ रिसॉर्ट में आयोजित हुये तीन दिवसीय समारोह में प्रिज्म परिवार की ओर से धनंजय कुमार सिंह (प्रबंधक - मकैनिकल विभाग) ने यह पुरुस्कार ग्रहण किया।**

इस समारोह में मिशन एनर्जी फाउंडेशन के डायरेक्टर जनरल अश्विन कुमार खत्री तथा केंद्र और राज्य सरकार के ताप विद्युत संयंत्रों के प्रतिनिधि, एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के प्रतिनिधि और विभिन्न सीमेंट संयंत्रों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड भारत की अग्रणी निर्माण सामग्री कंपनियों में से एक, अपने पोर्टलैंड पोजोलाना सीमेंट में फ्लाई ऐश का स्मार्ट तरीके से उपयोग करती है। फ्लाई ऐश के उपयोग से सीमेंट उत्पादन में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और ऊर्जा की खपत कम होती है, जिससे यह पर्यावरण के लिए एक बेहतर विकल्प बनता है। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल विनिर्माण प्रक्रियाओं को बढावा देने के लिए, विशेष रूप से सीमेंट उत्पादन में फ्लाई ऐश का उपयोग करके उच्च गुणवत्ता वाले, टिकाऊ और मजबूत सीमेंट बनाने के लिए मान्यता मिली है। कंपनी कार्यकारी निदेशक राकेश जैन ने सभी अधिकारियों द्वारा किये गए बेहतर स्थायित्व और पर्यावरणीय लाभ प्रदान के प्रयासों की सराहना की. तथा अपने सम्बोधन में बताया की प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को यह सम्मान उसके टिकाऊ भविष्य के प्रति समर्पण और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी के लिए मिला है। कंपनी के डीजीएम सी.एस.आर. एंड पीआर देवेन्द्र मिश्रा ने जानकारी प्रदान की।

### फर्स्ट लर्निंग स्कूल का उद्घाटन

**सतना, 11 मार्च.** बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को नई उड़ान देने के लिए सतना में फर्स्ट लर्निंग स्कूल का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। स्कूल के डायरेक्टर वृत्तिका सिंह और चिरंतन सिंह ने बताया कि हमारे स्कूल में बेहतरीन और मनमोहक इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित यह प्री-स्कूल बच्चों के लिए किसी सपनों की दुनिया से कम नहीं है। स्कूल की सबसे बड़ी खासियत इसका विशाल और सुरक्षित परिसर है।




# प्रभारी मंत्री से मिला चेंबर का प्रतिनिधि मंडल

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 मार्च. मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के कैबिनेट मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज सतना के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की।**



चेंबर मंत्री हरिओम गुप्ता ने बताया कि चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने विंध्य व्यापार मेला हेतु 8 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने हेतु पत्र सौंपा। साथ ही टिंबर व्यापारियों हेतु टिंबर जोन बनाकर शहर के बाहर टिंबर व्यापारियों को स्थापित करने की मांग की एवं जिले में लागू होने वाले शासकीय गाइड लाइन की विसंगतियों से प्रभारी मंत्री महोदय को अवगत कराया गया,सतना शहर की ऊब?खाब? सड़कों के संदर्भ में भी उन्हें जानकरी दी गई एवं राइस मिलों के अपग्रेडेशन और राइस मिलर्स से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा.

# न्यायालय परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 मार्च. म0प्र0 राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के सहअध्यक्ष जगन्नाथ त्रिपाठी द्वारा हर वर्ष की भांति न्यायालय परिसर सिविल लाइन सतना में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**



जिसमें मुख्य अतिथि जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव पार्थशंकर मिश्र, विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, महापौर योगेश ताम्रकार, मैहर विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी, नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी उपस्थित रहे, साथ ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दिलीप मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती पाण्डेय, मनीष तिवारी, पूर्व महापौर राजाराम त्रिपाठी आदि की उपस्थित में वरिष्ठ अधिवक्ता के0पी0 शर्मा, रामेश्वर शुक्ला, पद्यमचर पाण्डेय, बृजभूषण शुक्ला, आर0एन0 सेन, रामस्वरूप पाण्डेय, संतोष खरे, जिला अधिवक्ता संघ सतना के अध्यक्ष बद्रीविशाल पाठक, दयाशंकर मिश्रा, दिनेश श्रीवास्तव, मोहम्मद जलील खान, कमलेश ओबेराय का राज्य अधिवक्ता परिषद के सहअध्यक्ष जगन्नाथ त्रिपाठी एवं विजय तिवारी द्वारा शाल श्रीफल, फूल माला से सम्मानित किया गया, इसके पश्चात कवि रविशंकर चतुर्वेदी, सत्येन्द्र पाण्डेय, दीपा गौतम, रमेश प्रसाद जाकी, हेमराज त्रिपाठी, तेजभान सिंह तेज, सरोज सिंह सूरत, शैलेन्द्र सिंह शैल, निर्मला सिंह ने अपनी-अपनी ओजस्वी प्रस्तुति से मंच में उपस्थित नेता एवं अधिवक्तागणों को भाव विभोर कर दिया।